मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल

क्र./म. बो./प्रोजेक्ट सेल/2021-22/245 भोपाल, दिनांकः- 08.02.2022.

## परामर्शदाता/यंग प्रोफेशनल हेतु अवसर

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड में परामर्शदाताओं/यंग प्रोफेशनलों का नियोजन किया जाना है।

आवेदन का प्रारूप पात्रता का मापदण्ड नियम एवं शर्तों के लिए कृपया हमारी बेबसाइट **www.mandiboard.gov.in** का अवलोकन करें। इस विज्ञापन से संबंधित सभी सूचनाएं, संशोधन, शुद्धिपत्र आदि यदि कोई होगी तो केवल मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की बेबसाइट पर प्रकाशित होगी। बेबसाइट का नियमित अवलोकन करें।

परामर्शदाताओं/यंग प्रोफेशनलों के आवेदन बेबसाइट में दी गई योग्यता के आधार पर ही मान्य किए जावेंगे। आवेदन दिनांक 11.03.2022 समय 5:30 बजे शाम तक अनिवार्य रूप से ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हो जाने चाहिए। भौतिक रूप से आवेदन यथा संभव उपरोक्त दिनांक तक प्राप्त हो जाने चाहिए। परंतु भौतिक रूप से आवेदन प्राप्त न होने को आवेदन के निरस्ती का कारण नहीं माना जावेगा। ई-मेल के माध्यम से आवेदन समय पर प्राप्त नहीं होने पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपर्क सूत्रः- दिव्या सिंह, कनिष्ठ अंकेक्षक
**0755 2556210**
**0755 2553429**
ईमेल:- **adfmpsamb@gmail.com**

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल

## परामर्शदाता/यंग प्रोफेशनल नियोजन हेतु विचारार्थ विषय प्रपत्र

1. **शाखा का नाम** – कृषि निर्यात प्रकोष्ठ, म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल |
2. **नियोजन का प्रयोजन** – मध्य प्रदेश राज्य में कृषि निर्यात के लिए मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल नोडल एजेंसी है | जिसके अंतर्गत कृषि निर्यात प्रकोष्ठ का गठन किया गया है | यह प्रकोष्ठ किसानों, कृषि उद्यमियों, निर्यातकों, परियोजना प्रकोष्ठ, संबंधित विभागों और दूतावासों से लेकर निर्यात से संबंधित कई एजेंसियों के साथ समन्वय करेगा | साथ ही राज्य से कृषि उत्पादों के निर्यात के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने, हितधारको से समन्वय स्थापित करने, एवं प्रस्तुतीकरण तैयार करने आदि कार्य सम्पादित करेगा | प्रकोष्ठ के कुशल संचालन एवं उपरोक्त कार्यो के संपादन हेतु कृषि निर्यात विशेषज्ञ की आवश्यकता है |
3. **नियोजन का वर्ग** – परामर्शदाता/यंग प्रोफेशनल |
4. **कुल आवश्यकता** – 01 (एक) परामर्शदाता/यंग प्रोफेशनल |
5. **नियोजन अवधि** – 01 (एक) वर्ष (कार्य की आवश्यकतानुसार परिवर्तनशील होगी) |
6. **परियोजना एवं सुसंगत अन्य कार्य –**
    - केंद्रीय एजेंसियों/राज्य सरकारों/सम्बंधित विभाग/उद्योग संघ, सहकारी और गैर सरकारी संगठनों आदि के साथ नेटवर्किंग |
    - बैकवर्ड लिंकेज को मजबूत करने के लिए हितधारकों के साथ नियमित संपर्क एवं बैठक आयोजित करना |
    - कृषि निर्यात के लिए किसानों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों की एजेंसियों, कृषि विश्वविद्यालयों एवं किसान संगठनो/ एफ.पी.ओ/ एफ.पी.सी. के साथ समन्वय स्थापित करना।
    - एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट वस्तुओं की अपेक्षित आवश्यकताओं के लिए उद्योगों, दूतावासों, और अन्य निर्यात एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करना |
    - उत्पादों के लिए प्रकाशन सामग्री तैयार करना और इसे न्यूज लेटर, बुलेटिन, आदि के माध्यम से प्रसारित करना |
    - प्रदेश के कृषि उत्पादों की निर्यात क्षमता का प्राकलन, निर्यात उन्मुखी उत्पादों का चयन एवं उत्पादों के लिए नए बाजारों की खोज कर बाजार पहुँच को सुलभ बनाना |
    - सम्मेलन, प्रचार कार्यक्रम, प्रदर्शनियों, आदि का आयोजन |

- "मेड इन मध्यप्रदेश" ब्रांड का प्रचार प्रसार |
- प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड द्वारा समय-समय पर प्रदत्त अन्य कार्य |

7. **पारिश्रमिक, आयु, एवं यात्रा भत्ता – "मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड में परामर्शदाताओं/ यंग प्रोफेसनलों के नियोजन की प्रक्रिया और दिशा-निर्देश" में उल्लेखित अनुसार |**
8. **अर्हता, कार्यानुभव तथा योग्यता –**

- **शैक्षणिक योग्यता (अनिवार्य)** : **AICTE/UGC** से मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि |
  **AICTE/UGC** से मान्यता प्राप्त संस्थान से एम.बी.ए/ पी.जी.डी.एम /एम.फिल कोर्स (मार्केटिंग/इंटरनेशनल बिजनेस/एग्री एक्सपोर्ट/ फ़ूड सिस्टम्स) |
- **शैक्षणिक योग्यता** (वांछनीय) : पीएचडी (फ़ूड सिस्टम्स/एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट्स) |
- **भाषा ज्ञान (अनिवार्य)** : हिंदी और अंग्रेजी भाषा के पठन-पाठन-संवाद, एवं प्रस्तुतीकरण कौशल में निपुणता |
- **कंप्यूटर ज्ञान (अनिवार्य)** : कंप्यूटर का कार्य परिचालन ज्ञान तथा एम.एस. ऑफिस(वर्ड, एक्सेल, पॉवर पॉइंट), ऑनलाइन कांफ्रेंसिंग आदि में निपुणता
- **कार्य अनुभव (अनिवार्य)** : 02 (दो) वर्ष (कृषि/कृषि व्यापार आधारित कार्य)
- **कार्य अनुभव** (वांछनीय) : 03 (तीन) वर्ष (कृषि निर्यात से सम्बंधित किसी योजना में 01 (एक) वर्ष या अधिक का कार्य अनुभव) |
- **विशेष अनुभव/योग्यता** (वांछनीय) : कृषि क्षेत्र, एमएसएमई, उद्योग, व्यापार, निर्यात, मूल्य श्रृंखला विकास, कृषि विपणन, कृषि-व्यवसाय योजना से संबंधित
  - परियोजनाओं पर केंद्र अथवा राज्य शासन के साथ कार्य का पूर्व अनुभव |
  - कृषि व्यापार प्रणाली या वैश्विक खाद्य प्रणाली मध्य प्रदेश खाद्य व्यवस्था एवं कृषि व्यापार का ज्ञान |
  - निर्यात संबंधित शासकीय एजेंसी यथा एपीडा/ स्पाइस बोर्ड में कार्य अनुभव |
  - आधिकारिक परियोजना प्रस्तावों और कार्यकारी रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण अनुभव और कॉपी राइटिंग कौशल को प्राथमिकता दी जाएगी |
  - कृषि निर्यात/खाद्य प्रणाली से संबंधित अनुसंधान अनुभव |
  - अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय पत्रिका में खाद्य प्रणाली से संबंधित शोधपत्र/पुस्तक/लेख का प्रकाशन |
  - खाद्य व्यवस्था से संबंधित सम्मेलनों में भागीदारी |
  - अन्तर/अंतरा राज्यीय स्थलों की यात्रा करने में सहजता |

# <u>आवेदन पत्र</u>

| हाल ही में पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं |
|---|
| |

आवेदित पद : ____________________

1. पूरा नाम : ____________________

2. पिता का नाम : ____________________

3. स्थायी पता : ____________________
____________________

4. पत्राचार के लिए पता / वर्तमान पता : ____________________
____________________

5. जन्म तिथि : ____________________

6. लिंग : पुरुष ________ महिला ________ अन्य ________

7. अधिवास (Domicile) : ____________________

8. वर्ग :

| GEN | SC | ST | OBC | Others |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

9. ई-मेल आईडी : ____________________

10. मोबाइल नंबर : ____________________

11. **शैक्षणिक** योग्यता (विगत 3 उच्चतम योग्यताओं का उल्लेख करें, उच्च योग्यता होने पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पृष्ठ का उपयोग कर सकते है, सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न करें)

| क्र. | **डिग्री/डिप्लोमा** | **उत्तीर्ण वर्ष** | **बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम** | **ग्रेड/डिवीज़न/ सीजीपीए** | **विषय/विशेषज्ञता** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | | | | | |
| **2** | | | | | |
| **3** | | | | | |

12. अनुभव (विगत 3 नवीनतम अनुभवों का उल्लेख करें, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पृष्ठ का उपयोग कर सकते है, सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न करें)

| क्र. | **संस्था/संगठन का नाम** | **संस्था/संगठन का प्रकार/ कार्यक्षेत्र** | **पद** | **कर्तव्यों का विवरण** | **अवधि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | | | | | |
| **2** | | | | | |
| **3** | | | | | |

13. अनुसंधान अनुभव (यदि कोई हो तो) (विगत 3 नवीनतम अनुभवों का उल्लेख करें, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पृष्ठ का उपयोग कर सकते है, सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न करें)

| क्र. | **संस्था/संगठन का नाम** | **संस्था/संगठन का विवरण** | **अनुसंधान का विवरण** | **अवधि** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | | | | |
| **2** | | | | |
| **3** | | | | |

14. प्रकाशित शोध पत्र (यदि कोई हो तो) (विगत 3 नवीनतम शोध पत्रों का उल्लेख करें, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पृष्ठ का उपयोग कर सकते है)

| क्र. | **शोध पत्र का विषय** | **शोध पत्र का संक्षिप्त विवरण** | **प्रकाशन दिनांक** | **प्रकाशन पत्रिका/ वेबसाइट** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | | | | |
| **2** | | | | |
| **3** | | | | |

15. अन्य जानकारी (यदि कोई हो तो)

______________________________________________________________________________________________

**16. <u>घोषणा</u>**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि,

- मैंने विज्ञापन, नियोजन हेतु विचारार्थ विषय-प्रपत्र एवं "**म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड में परामर्शदाताओं/यंग प्रोफेसनलों के नियोजन की प्रक्रिया और दिशा-निर्देश" सम्बन्धी पत्र** को पूर्णतः पढ़ लिया है और आवेदित पद पर नियोजन सम्बन्धी नियमों, विनियमों और प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए पूर्णतः सहमत हूँ |
- यह कि मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार आवेदन एवं संलग्न अभिलेखों में दिए गए सभी विवरण सत्य, पूर्ण और सही हैं |
- यह कि यह नियोजन पूर्णतः अस्थायी है एवं मैं कभी भी नियमित नियुक्ति हेतु मांग नहीं करूँगा/करूँगी, ऐसा करने पर मेरा नियोजन स्वतः ही समाप्त माना जावेगा/हो जावेगा, जिसकी समस्त जवाबदेही मेरी होगी |
- यह कि किसी शासकीय/अर्ध-शासकीय संस्थान/निगम/मंडल द्वारा मुझे सेवा से निष्कासित/पदच्युत नहीं किया गया है |
- यह कि मेरे विरुद्ध कोई भी अभियोजन/प्रकरण किसी न्यायालय अथवा पुलिस थाने में दर्ज एवं/अथवा लंबित नहीं है |
- मैं समझता/समझती हूँ कि किसी भी जानकारी के असत्य/गलत पाए जाने की स्थिति में या पात्रता मापदंड को पूरा नहीं करने पर, मेरी उम्मीदवारी/नियोजन बिना कोई कारण बताए समाप्त/रद्द कर कर दिया जाएगा एवं नियोजक को अधिकार होगा की क्षतिपूर्ति के रूप में वर्तमान एवं आगामी नियोजन की कार्यवाही के सम्पूर्ण व्यय की वसूली मुझसे कर सकें ।

यह घोषणा, मैं बिना किसी दबाव के, पूर्ण होशो-हवास में, एवं स्वेच्छा से कर रहा/रही हूँ, जो सही है |

दिनांक :

स्थान :

...............................................

...............................................

(आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर)